दिन— शुक्रवार दिनांक— 23/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केरल में कई विकास परियोजनाओं की शुरूआत की। श्री मोदी ने कहा— पिछले ग्यारह वर्षों में शहरी बुनियादी ढांचे पर केन्द्र सरकार ने किया है बड़ा निवेश।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान मुजफ्फरपुर में आठ सौ तिरेपन करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

03. छत्तीसगढ की इस्पात फैक्ट्री में हुई दुर्घटना में बिहार के पांच मजदूरों की मौत। राज्य सरकार आश्रितों को दो—दो लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देगी।

04. और, वसंत पंचमी के अवसर पर श्रद्धा और उल्लास के साथ देवी सरस्वती की पूजा अर्चना की जा रही है।

—————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एकजुट होकर काम कर रही है। श्री मोदी ने आज केरल में कई विकास परियोजनाओं की शुरूआत करते हुए कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में केन्द्र सरकार ने शहरी बुनियादी ढांचे पर बड़ा निवेश किया है। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत देश में चार करोड़ से अधिक आवास बनाये गए हैं।

———बाइट———

श्री मोदी ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना से रेहड़ी—पटरी वालों को अपनी जीविका चलाने में काफी मदद मिल रही है।

———बाइट———

केन्द्र सरकार ने पहली बार स्ट्रीट वेंडर्स के लिए पीएम स्वनिधि स्कीम बनाई। इस स्कीम के बाद देशभर में लाखों साथियों को बैंकों से बहुत मदद मिली है। पहले सिर्फ अमीरों के पास ही क्रेडिट कार्ड होता था। अब स्ट्रीट वेंडर्स के पास भी स्वनिधि क्रेडिट कार्ड है।

प्रधानमंत्री ने भगवान स्वामीनारायण के पवित्र ग्रंथ शिक्षापत्री के दो सौ वर्ष पूरा होने के अवसर पर आज से शुरू हुए समारोहों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि आज वोकल फोर लोकल मंत्र के सहारे देश स्वदेशी तकनीक को अपना कर आगे बढ़ रहा है।

———बाइट———

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अठारहवें रोजगार मेले में कल वीडियो कांफ्रेंस के जरिये विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नियुक्त इकसठ हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। वे इस अवसर पर इन युवाओं को सम्बोधित भी करेंगे। यह रोजगार मेला देश में पैंतालीस स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। देशभर में रोजगार मेला के माध्यम से अब तक ग्यारह लाख से अधिक नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान आज मुजफ्फरपुर जिले में आठ सौ तिरेपन करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एक सौ चौरानवे करोड़ रूपये की लागत वाली नवासी योजनाओं का शिलान्यास और दो सौ बारह करोड़ रुपये की लागत वाली सैंतालीस योजनाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जिले में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को चला रही है।

———बाइट———

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत स्थानीय सांसद और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। समृद्धि यात्रा का दूसरा चरण सत्ताईस जनवरी से शुरू होगा।

———————————————————————————

केंद्र सरकार की ओर से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की सुरक्षा श्रेणी घटाने पर राजनीति तेज हो गई है। राजद के प्रवक्ता शक्ति यादव ने इसे बदले की भावना से प्रेरित बताते हुए कहा कि मोदी सरकार विपक्षी नेताओं के साथ पक्षपात कर रही है।

---बाइट---

इधर, भाजपा नेता और राज्य के पथ निर्माण मंत्री दिलीप जायसवाल ने राजद पर पलटवार करते हुए कहा कि पार्टी राजनीतिक कारणों से इस मुद्दें को तूल दे रही है।

---बाइट---

---

बिहार कांग्रेस की एक उच्च स्तरीय बैठक दिल्ली में आयोजित की गई। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर हुई बैठक में पार्टी के राजनीतिक भविष्य और आंतरिक स्थिति पर चर्चा की गई। बैठक में पार्टी नेता राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और बिहार कांग्रेस के सभी निर्वाचित प्रतिनिधि शामिल हुए।

---

छत्तीसगढ की इस्पात फैक्ट्री में हुई दुर्घटना में गयाजी के पांच मजदूरों की मौत पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने मृतक के आश्रितों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को पचास-पचास हजार रुपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है। इधर, गयाजी के सांसद और केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार इस संबंध में बिहार सरकार को पूरा सहयोग उपलब्ध करा रही है।

---बाइट---

---

पटना में नीट छात्रा की मौत मामले में एसआईटी की टीम ने अपनी जांच रिपोर्ट डीजीपी को सौंप दी है। जांच के दौरान एसआईटी ने चालीस से ज्यादा सीसीटीवी

फुटेज खंगाले। वहीं छात्रा के परिजन, रिश्तेदारों और हॉस्टल कर्मियों सहित पंद्रह से अधिक लोगों से पूछताछ की है। अब जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस नीट छात्रा की मौत की सटीक जानकारी हासिल कर सकेगी।

————————————————————————————————

संस्कृति मंत्रालय नेताजी सुभाष चंद्र बोस की एक सौ उनतीसवीं जयंती के उपलक्ष्य में आज से अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पराक्रम दिवस—दो हजार छब्बीस का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

———बाइट———

आज नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जी की जन्मजयंती भी है। हम इसे पराक्रम दिवस के रूप में मनाते हैं। मैं सभी देशवासियों को पराक्रम दिवस की बहुत—बहुत बधाई देता हूं।

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने भी पराक्रम दिवस पर नेताजी को भावभिनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

————————————————————————————————

बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा का त्योहार आज देश और प्रदेश में धार्मिक श्रद्धा, आस्था और पारम्परिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

———म्यूजिक———

माघ शुक्ल पंचमी का यह दिन ज्ञान, विवेक, कला और संगीत की देवी सरस्वती की उपासना का दिन है। इसे श्रीपंचमी भी कहते हैं। इस अवसर पर बच्चों का विद्यारंभ कराने की परंपरा है। वसंत पंचमी से ऋतुराज वसंत के आगमन की आहट मिलने लगती है और प्रकृति एक नया रूप धारण करती है। सरस्वती पूजा के अवसर पर प्रदेशभर में कई अयोजन किये जा रहे हैं। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि मां सरस्वती की प्रतिमा के साथ विभिन्न पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। इस दौरान सुरक्षा के भी व्यापक प्रबंध किये गये हैं। प्रशासन ने विसर्जन के दौरान जुलूस निकालने और डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके

साथ ही गंगा नदी में आज और कल निजी नावों के परिचालन पर भी रोक लगायी गयी है।

---म्यूजिक---

---

इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वसंत पंचमी का पवित्र त्योहार प्रकृति की सुंदरता और दिव्यता को समर्पित है।

---बाइट---

आज बंसत पंचमी सरस्वती पूजा का पावन पर्व भी है। ये महामाघ महोत्सवम उसका भी समय है। मैं लोगों को इन पर्वों की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

इधर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी वसंत पंचमी के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

---बाइट---

---

बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने वसंत पंचमी के अवसर पर विधानसभा के विस्तारित भवन पुस्ताकालय में देवी सरस्वती की पूजा अर्चना की। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा के प्रभारी सचिव डॉक्टर ख्याती सिंह और सभा सचिवालय के पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

---

बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने कल नई दिल्ली में नेशन फर्स्ट पॉलिसी रिसर्च सेंटर की ओर से सांसदों और विधायकों के लिए आयोजित कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा कि दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत बनाने में सांसदों और विधायकों की भूमिका महत्त्वपूर्ण होगी।

---

पूर्व आईएएस और बुद्धिस्ट सोशल एक्टिविस्ट बुद्धशरण हंस का कल निधन हो गया। अस्सी वर्षीय बुद्धशरण अंबेडकर मिशन पत्रिका के संपादक थे। उन्हें पचास से अधिक पुस्तक–पुस्तिकाओं के लेखन के लिए राज्य सरकार की ओर से बाबा साहेब अंबेडकर सम्मान से सम्मानित किया गया था।

———————————————————————————

पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में बिहार और मणिपुर के बीच खेला जा रहा रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप का फाइनल मुकाबला रोचक हो गया है। कप्तान सकीबुल गनी और विकेटकीपर बल्लेवाज बिपिन सौरभ के शतकों की बदौलत बिहार ने पहले खेलते हुए मणिपुर के सामने पांच सौ तेईस रनों का लक्ष्य रखा है। इसके जवाब में मणिपुर की टीम ने दूसरे दिन का खेल खत्म होन पर तीन विकेट खोकर एक सौ उनतीस रन बना लिये हैं। बिहार की ओर से हिमांशु सिंह और खालिद आलम ने एक–एक विकेट हासिल किया। मणिपुर का एक बैटर रन आउट हुआ।

———————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के लौरिया थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो मोटरसाइकिल सवार युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

———————————————————————————

नाबालिग छात्रा का वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोप में सुपौल की पोक्सो अदालत ने आरोपी गणेश मेहता को विभिन्न धाराओं में दोषी करार देते हुए सात साल के कठोर कारावास और दो लाख पैंतालीस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

———————————————————————————

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केरल में कई विकास परियोजनाओं की शुरूआत की। श्री मोदी ने कहा– पिछले ग्यारह वर्षों में शहरी बुनियादी ढांचे पर केन्द्र सरकार ने किया है बड़ा निवेश।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान मुजफ्फरपुर में आठ सौ तिरेपन करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन किया।

03. छत्तीसगढ की इस्पात फैक्ट्री में हुई दुर्घटना में बिहार के पांच मजदूरों की मौत। राज्य सरकार आश्रितों को दो–दो लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देगी।

04. और, वसंत पंचमी के अवसर पर श्रद्धा और उल्लास के साथ देवी सरस्वती की पूजा अर्चना की जा रही है।

---

समाप्त